हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, मंगलवार 6 जनवरी 2026

तापमान
अधिकतम 18.3 डिग्री
न्यूनतम 3.0 डिग्री

12 अवैध अतिक्रमण हटाने राजगुरु मार्केट में उतरी निगम की टीम

12 स्टार्ट-अप से युवाओं की विदेशों की तरफ जाने...


## निगम ने बिजली के पुराने पोल या तो उखाड़े नहीं, या फिर उखाड़कर वहीं छोड़ दिए

# मेयर व पार्षदों ने बिजली निगम की कार्यप्रणाली पर उठाए सवाल

*ट्रांसफार्मरों की फेंसिंग कराने का एजेंडा पास होने के बाद भी निगम ने नहीं किया कोई कार्य*

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

शहर में बिजली से जुड़ी समस्याओं के समाधान को लेकर सोमवार को नगर निगम में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता मेयर प्रवीण पोपली ने की, जिसमें नगर निगम के पार्षदों के साथ-साथ बिजली निगम के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर में बिजली आपूर्ति, सुरक्षा और आधारभूत ढांचे से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा कर उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करना था। बैठक में उपस्थित मेयर व उपस्थित पार्षदों ने बिजली निगम की कार्यप्रणाली पर कई सवाल उठाए। पार्षदों ने कहा कि ट्रांसफार्मरों की फेंसिंग कराने का एजेंडा निगम हाउस में पास किया गया था, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई कार्य नहीं हुआ। पार्षदों के सवालों पर कई बार निगम अधिकारी बचाव करते दिखाई दिए और यस सर, यर करते रहे। मेयर ने निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैठक में उठे एजेंडों पर गंभीरता से कार्य किया जाए। ऐसा नहीं करने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सरकार को लिखा जाएगा।

- मेयर ने बिजली समस्याओं के समाधान को लेकर बिजली निगम अधिकारियों के साथ बैठक की
- गर्मी से पहले बिजली से संबंधित कार्य प्राथमिकता के आधार पर करें अधिकारी


बिजली निगम अधिकारियों के साथ बैठक करते मेयर प्रवीण पोपली व पार्षद।

### रिपोर्ट नहीं मिलने पर मेयर ने जताई नाराजगी

बैठक को संबोधित करते हुए मेयर प्रवीण पोपली ने हाल में हुई आगजनी की घटनाओं का मुद्दा उठाया। बिजली निगम से रिपोर्ट मांगी गई थी, लेकिन अभी तक निगम की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए जो जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी है उन पर निगम कार्रवाई करें। अगर निगम कार्रवाई करने में आनाकानी करता है, तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के लिए सरकार को लिखा जाएगा।

### यह रहे उपस्थित

बैठक में पार्षद मोहित सिंघल, हरि सिंह सैनी, भीम महाजन, मनोहर लाल वर्मा, रवि सैनी जमालपुरिया, नरेश ग्रेवाल, डॉ. सुमन यादव, नवीन कुमार, सत्यवान पानू सहित कई पार्षद मौजूद रहे।

### टूटे बिजली के मीटरों को बदलने की मांग

पार्षदों ने तंग गलियों में सिल्वर वायर के स्थान पर केबल तार लगाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। टूटे हुए बिजली मीटरों के बॉक्स को बदलने, उन्हें ऊंचाई पर लगाने तथा फ्यूज बॉक्स को कवर सहित सुरक्षित स्थान पर लगाने की मांग भी रखी गई। बैठक में यह भी याद दिलाया गया कि सदन की पूर्व बैठक में शहर के सभी ट्रांसफार्मरों की फेंसिंग कराने का एजेंडा पास किया गया था, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई कार्य नहीं हुआ है। इस पर मेयर प्रवीण पोपली ने बिजली निगम को तुरंत इस कार्य को शुरू करने के निर्देश दिए।

### पुराने पोल को तुरंत हटाया जाए

बैठक के दौरान पार्षदों एवं पार्षद प्रतिनिधियों ने अपने-अपने वार्डों में बिजली से जुड़ी समस्याओं को विस्तार से रखा। शहर के कई इलाकों में पुराने बिजली पोलों के स्थान पर नए पोल तो लगा दिए गए हैं, लेकिन पुराने पोल या तो उखाड़े नहीं गए हैं या फिर उखाड़कर वहीं छोड़ दिए गए हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी हुई है। पार्षदों ने मांग की कि ऐसे सभी पुराने पोलों को तुरंत हटाया जाए।

### केबल ऑपरेटरों को नोटिस जारी करने के निर्देश

शहर में बिजली के पोलों पर इंटरनेट और केबल तारों की अव्यवस्था का मुद्दा भी बैठक में प्रमुखता से उठा। मेयर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संबंधित इंटरनेट और केबल ऑपरेटरों को सात दिन का नोटिस जारी किया जाए। यदि निर्धारित समय में तार नहीं हटाए जाते हैं तो निगम अपने स्तर पर कार्रवाई करे।

### ठेकेदारों पर कार्रवाई की जाए

पेयजल और सीवरेज लाइनों के कार्य के दौरान बिजली पोलों के क्षतिग्रस्त होने का मामला भी सामने आया। पार्षदों ने बताया कि कई स्थानों पर संबंधित एजेंसियों द्वारा टूटे हुए लाइनों की मरम्मत नहीं करवाई गई। इस पर मेयर ने अधिकारियों को आदेश दिए कि संबंधित ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और भविष्य में तय समय-सीमा के भीतर कार्य पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। सेक्टर-14 स्थित सुभाष पार्क में एचएसवीपी द्वारा नए मीटर कनेक्शन और मीटर लगाने से संबंधित फाइल के रिजेक्ट होने तथा उसकी सिक्योरिटी राशि रिफंड न होने का मुद्दा भी बैठक में उठा।

## खबर संक्षेप

### चोरी किए गए झुमकों को गिरवी रखकर बाइक खरीदी

**हिसार।** पीएलए चौकी पुलिस ने ज्वेलरी शॉप से सोने के झुमके चोरी करने के मामले में नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान शहर के मॉडल टाउन निवासी प्रदीप कुमार के रूप में हुई है। पुलिस जांच के दौरान आरोपी की संलिप्तता पाए जाने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में सामने आया कि आरोपी ने चोरी किए गए झुमकों को फाइनेंस पर गिरवी रखकर एक मोटरसाइकिल खरीदी तथा 50 हजार रुपये नकद प्राप्त किए।

### जानलेवा हमला करने के मामले में एक गिरफ्तार

**हिसार।** सीआईए टीम ने हत्या करने की नीयत से जानलेवा हमला करने के मामले में एक आरोपी आजाद नगर निवासी मोहित रोज को गिरफ्तार किया है। उसे अदालत में पेश कर दिया गया। मामले में जांच अधिकारी एएसआई विक्रांत ने बताया कि इस संबंध में पीड़ित वंश ने थाना सिविल लाइन में शिकायत दी कि उसके पास पिछले वर्ष 1 नवंबर को उसके दोस्त का फोन आया और उसने उसे सेक्टर 13 मार्केट में बुलाया।

### संजय ठकराल बने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर

**हिसार।** हरियाणा, पंजाब और राजस्थान में फैले सामाजिक संगठन रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3090 के 2028-2029 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के चुनाव सिरसा में डिस्ट्रिक्ट भूपेश महता के नेतृत्व में संपन्न हुए। इस चुनाव में दो प्रत्याशी मैदान में थे जिनमें रोटरी सेंट्रल क्लब हिसार से संजय ठकराल एवं नागपुर फतेहाबाद क्लब से हरीश खुराना थे। संजय ठकराल ने इसमें बहुत बड़ी जीत हासिल करते हुए वर्ष 2028-29 के लिए गवर्नर पद पर आसीन हुए।

### हेरोइन सहित बाइक सवार गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की एबीवीटी टीम ने साउथ बायपास सेक्टर-33 टी-प्वाइंट के समीप एक बाइक सवार व्यक्ति को काबू करके उसके कब्जे से 10 ग्राम हेरोइन बरामद की है। एएसआई जयबीर ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान सूचना के आधार पर साउथ बायपास सेक्टर-33 टी-प्वाइंट पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान गांव पीरावली की ओर से आ रहे एक बाइक सवार युवक को रोककर पूछताछ की गई। युवक ने अपना नाम पीरावाली निवासी गोविंदा बताया। तलाशी के दौरान गोविंदा के कब्जे से एक पॉलीथिन थैली में 10 ग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### भाग्यश्री महिला आश्रम में भेंट किए कंबल

**हिसार।** अणुव्रत समिति की ओर से आजाद नगर स्थित भाग्यश्री महिला आश्रम में समिति के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में भीषण सर्दी के मौसम को देखते हुए कंबल वितरित किए गए। इस अवसर पर जगदीश अरोड़ा व डॉ. हरीश अरोड़ा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। समिति द्वारा महिला आश्रम की महिलाओं को कंबल भेंट किए।

### अनुशासन केवल एनसीसी तक सीमित नहीं : कटारिया

**हिसार।** थर्ड हरियाणा एनसीसी बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल सुनील कटारिया द्वारा पीआईओसी शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर 7 जनवरी तक चलेगा। कर्नल सुनील कटारिया ने कहा कि अनुशासन और परिश्रम से ही प्रत्येक लक्ष्य को पाया जा सकता है। अनुशासन केवल एनसीसी तक सीमित नहीं है बल्कि यह जीवन के हर क्षेत्र में आवश्यक है। शिविर के दौरान वेपन हैंडलिंग, फायरिंग आपदा प्रबंधन, मैप रीडिंग. स्वास्थ्य और स्वच्छता जैसे विषयों पर विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ईएसएम को सम्मानित किया जाएगा।


हिसार। सम्मानित करते भारत स्वाभिमान व पंतजलि योग समिति के पदाधिकारी।

## योग और आयुर्वेद का संदेश पहुंचाने का लिया प्रण

- पतंजलि योगपीठ का 32वां स्थापना दिवस एवं कार्यकर्ता-योग शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

पतंजलि योगपीठ के 31 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पतंजलि परिवार हिसार द्वारा 32वां स्थापना दिवस एवं कार्यकर्ता–योग शिक्षक सम्मान समारोह बड़े उत्साह, श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। यह जानकारी देते हुए भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति के प्रवक्ता सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी ने बताया कि कार्यक्रम में पतंजलि योगपीठ से संबद्ध भारत स्वाभिमान, पतंजलि योग समिति, महिला पतंजलि योग समिति, युवा भारत, पतंजलि किसान सेवा समिति सहित अनेक सामाजिक एवं सेवा संगठनों के कार्यकर्ताओं और योग शिक्षकों ने भाग लिया।

सभी ने मिलकर यज्ञ–भजन एवं सामूहिक संकल्प के साथ वर्ष 2026 में घर–घर योग और आयुर्वेद का संदेश पहुंचाने का प्रण लिया। इस मौके पर समर्पित कार्यकर्ताओं एवं योग शिक्षकों को उनके सेवाभाव और उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भारत स्वाभिमान के प्रांतीय प्रभारी ईश कुमार, हिसार के प्रभारी डॉ. मुकेश कुमार, मुनीराम आर्य, शकुंतला आर्य, डॉ. मुकेश कुमार, वीरेन्द्र बडाला,सुरेंद्र हिन्दुस्तानी, कविता शर्मा, शालू आर्य, संजीव शर्मा, अजय ऐलावादी आदि मौजूद रहे।

### भवन निर्माण श्रमिक संघ ने मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**बरवाला।** भवन निर्माण श्रमिक संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ द्वारा अनेक मांगों को पूरा करवाए जाने को लेकर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा से मुलाकात की गई और ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रोहताश ग्रोवर के नेतृत्व में सौंपा गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रोहताश ग्रोवर, जिला मंत्री राहुल बिश्नोई, कोषाध्यक्ष प्रदीप कापड़ो, नरेश राखी, ब्लॉक अध्यक्ष रिंकू, अजीत चोपड़ा, मास्टर सुभाष, जगफूल व सत्यवान बालक आदि मौजूद रहे।

### पाबड़ा पंचायत ने सीएमओ से की मुलाकात

**उकलाना।** गांव पाबड़ा की पंचायत ने जच्चा-बच्चा केंद्र को पुनः गांव में स्थापित करवाने की मांग को लेकर स्वास्थ्य विभाग की वरिष्ठ अधिकारी डॉ. अनामिका बिश्नोई से मुलाकात की। पंचायत प्रतिनिधियों ने डॉ. बिश्नोई को गांव की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से अवगत करवाया। पंचायत की ओर से बताया गया कि गांव पाबड़ा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की बिल्डिंग मरम्मत की स्थिति में है, जिसके चलते यहां से जच्चा-बच्चा केंद्र को अस्थायी रूप से दौलतपुर शिफ्ट कर दिया गया था। पंचायत ने मांग रखी कि बिल्डिंग की शीघ्र मरम्मत करवाकर जच्चा-बच्चा केंद्र को स्थायी रूप से वापस पाबड़ा लाया जाए। डॉ. बिश्नोई ने पंचायत की दोनों मांगों को गंभीरता से सुनते हुए समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

## थुराना गांव में युवक पर हमला करके की लूटपाट

- पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

क्षेत्र के गांव थुराना में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर जानलेवा हमला करके लूटपाट कर हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस गहनता की जनता से जांच कर रही है।पेट्रोल पंप पर सेल्समैन के रूप में कार्यरत 28 वर्षीय संदीप पर करीब एक दर्जन युवकों ने लाठी, डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर उससे एक लाख रुपये की नकदी छीनकर और उसका मोबाइल तोड़कर मौके से फरार हो गए।

### बाइक छोड़कर भागा

पीड़ित संदीप ने पुलिस को बताया कि तीन जनवरी की शाम को वह अपने खेत में मकान की नींव का काम करवाकर बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही वह गांव के रविदास मंदिर के पास पहुंचा, पहले से घात लगाकर बैठे रमेश, बिल्लू, हैप्पी और मनजीत ने उसे रोकने की कोशिश की। संदीप जान बचाने के लिए बाइक छोड़कर भागा, लेकिन पीछे से मनोज, भानू, राजी, मोहित, साहिल और दो नकाबपोशों ने हमला कर दिया।

## सावित्री बाई फूले की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि

- बेटी पढ़ाओं, बेटी बचाओ था फूले दंपति का मुख्य कार्य : सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

प्रथम भारतीय अध्यापिका ज्ञान ज्योति माता सावित्रीबाई फूले का रविवार को 195वां जंयती समारोह हरि ओम शरणम आश्रम में महंत सागर नाथ के सान्निध्य में महात्मा ज्योतिबा फूले समाज सेवा समिति के प्रधान रामकुमार सैनी की अध्यक्षता में मनाया गया। ज्ञान ज्योति माता सावित्रीबाई फूले शिक्षा केन्द्र की अध्यक्षता गुरप्रीत सोढी ने ज्योत प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समारोह में लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष प्रवीन संभरवाल ने मुख्य वक्ता व यूथ जुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष देवेन्द्र सैनी ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।

महंत सागरनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि बेटी पढ़ाओं, बेटी बचाओ ये फूले दम्पति का मुख्य कार्य था। एक मिशन के तहत हम वर्तमान सरकार से मांग करेंगे की माता सावित्रीबाई फूले की जन्म जयंती को महिला दिवस या शिक्षिका दिवस के रूप में घोषित करने का काम करें और शिक्षण के आधार पर फूले दम्पति भारत रत्न के हकदार है, इसलिए फूले दंपति द्वारा खोली गई प्रथम भारतीय कन्या पाठशाला का जीर्णोद्धार कर ऐतिहासिक स्थल घोषित करें।


हांसी। माता सावित्री बाई फूले को श्रद्धांजलि अर्पित करते महंत सागर नाथ व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रधान रामकुमार सैनी, कंवल सलूजा, ओपी मुंजाल, प्रिंसीपल भरत सिंह, कश्मीरी लाल ग्रोवर, रामनिवास पंचाल, पूर्व प्रधान श्यामसुन्दर सैनी, बंशी भगत, डॉ राजबीर पूनिया, अमीलाल पाली, गुरनाम सिंह सोढी, ओमप्रकाश पटवारी उपस्थित थे।

## ठगों ने आरबीआई अधिकारी बनकर हड़पे 16 लाख

- पॉलिसी का पैसा खाते में भेजने की कहकर डलवाए पैसे

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया बैंक के अधिकारी बनकर धोखाधडी करके पैसा हडपने वाले व्यक्तियों के खिलाफ शहर निवासी एक व्यक्ति ने कार्रवाई की मांग की है। पुलिस को दी शिकायत में उसने कहा है कि वर्ष 2015 में उसने एसबीआई बैंक से व्यक्तिगत लोन लिया था।

उस वक्त लोन के समय मेरी उसकी 60 हजार रुपये की एसबीआई लाइफ पॉलिसी बैंक द्वारा की गई थी जिसकी समयावधि पांच वर्ष थी। उसके बाद मई 2017 में उसके मोबाइल पर कोई निर्मला देवी, जो स्वयं को आरबीआई अधिकारी बता रही थी का फोन आया व बताया कि भारत सरकार की नई नीति आई है जिसमें बिना एजेंट को कमीशन दिए आपकी पॉलिसी का सारा पैसा आपको ब्याज सहित मिल जाएगा। इसके लिये आपको 12 हजार 200 रुपये फाइल चार्ज के रुप मे जमा करवाने होंगे और आपकी पॉलिसी का सारा पैसा आपके खाता मे आ जाएगा। इसके लिए आपको 10 हजार 200 रुपये की नेफ्ट करानी होगी।

### अलग-अलग बैंक खातों में डलवाए पैसे

शिकायतकर्ता के अनुसार उसने 10 मई 2018 को अपने खाता से उपरोक्त खाते में चेक से नेफ्ट कर दिए। इसके बाद उक्त महिला व अन्य लोगों के अलग-अलग मोबाइल नंबरों से आरबीआई के अधिकारी बनकर फोन आने लगे और उसे अधिकतम लाभ का प्रलोभन देकर बार-बार नेफ्ट के माध्यम से अलग-अलग समय पर अलग-अलग बैंक खातों में पैसे जमा करवाते रहे। उन लोगों ने उसे में लेने के लिये एक पत्र उसके उपरोक्त मोबाइल नंबर पर व्टसएप पर भेजे। पेमेंट नोटिफिकेशन पत्र में उसके नाम से 47 लाख 85 हजार 270 रुपये राशि रिलीज करने बारे लिखा हुआ था। इसके कारण उसे विश्वास हो गया और वह उनके झांसे में आ गया और विश्वास के कारण वह उन लोगों के कहे अनुसार उनके बताए बैंक खातों में रुपये डालने लगा।

## स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर नगर निगम ने किए 15 चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

नगर निगम द्वारा स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमित रूप से कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को एएसआई विजेता ने राजगुरु मार्केट में 3 के व्यक्तियों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने पर व एक व्यक्ति के द्वारा खुले में मीट बेचने और 4 के दुकानदारों के द्वारा खुले में कचरा फैलाने पर चालान किए गए। इसके अलावा एएसआई सरोज ने साउथ बाईपास पर खुले में कचरा फैलाने पर 4 व्यक्तियों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की। इसके अलावा एएसआई राहुल सैनी व एएसआई राहुल पंवार ने हाउसिंग बोर्ड सिरसा रोड, पुरानी सब्जी मण्डी चौक व पुरानी ऑटो मार्केट में खुले में कचरा फैलाने पर चालान की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही टीम ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया।

### उल्लंघना करने वाले 167 वाहनों के किए चालान

**हांसी।** जिला ट्रैफिक पुलिस द्वारा यातायात नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित करते हुए सोमवार को मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई है। मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कल कुल 167 चालान किए गए हैं इस दौरान पुलिस द्वारा 630 वाहन चैक किये गये। पुलिस द्वारा किए गए चालानों का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, आमजन की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना रहा है।

### हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में कुलपतियों के 49वें सम्मेलन का शुभारंभ

# देश के कृषि क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने में कृषि विश्वविद्यालयों की महत्वपूर्ण भूमिका : डॉ. मिड्ढा

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा है कि कृषि केवल भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार ही नहीं बल्कि हमारी सभ्यता की पहचान भी है। कृषि विश्वविद्यालय किसानों को नवीनतम तकनीक, उन्नत किस्मों के बीज देने के अलावा कृषि क्षेत्र के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए विद्यार्थियों को भी तैयार करते हैं। कृष्णलाल मिड्ढा सोमवार को हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में शुरू हुए कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के 49वें सम्मेलन मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। इंडियन एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी एसोसिएशन (आईएयूए) के अध्यक्ष एवं जीबीपीयूएटी पंतनगर के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रहे जबकि हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने सम्मेलन की अध्यक्षता की।


हिसार। स्नातक पाठ्यक्रम के कैटलॉग का विमोचन करते मुख्य अतिथि एवं अन्य।

### विद्यार्थियों का ज्ञान के साथ होगा कौशल विकास

सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि इंडियन एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी संगठन के अध्यक्ष एवं जीबीपीयूएटी पंतनगर के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि जलवायु परिवर्तन एवं घटती जोत जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए कृषि विश्वविद्यालयों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को अपना चुके हैं जिसमें विशेष तौर पर विद्यार्थियों को 50 प्रतिशत प्रैक्टिकल एक्टिविटी में समय देकर ज्ञान के साथ साथ उनका कौशल विकास भी किया जा रहा है।

### कृषि को उद्यमिता के तौर पर अपनाएं किसान : प्रो. काम्बोज

सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए हकृवि कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस दो दिवसीय सम्मेलन में खेत से भविष्य तकः कृषि में नए क्षेत्रों का अन्वेषण, विकसित भारत 2047: कृषि संस्थानों की भूमिका और योगदान तथा सतत कृषि के भविष्य के लिए परंपरा और प्रौद्योगिकी का सेतु बनाना विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी।

## एक दिन छोड़कर एक दिन पानी, वह भी दूषित

- पेयजल व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में

**उकलाना।** क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। भाखड़ा नहर से सीधा पानी लाने के लिए करीब 7 करोड़ रुपये खर्च किए जाने के बावजूद भी नगरवासियों को न तो नियमित पानी मिल पा रहा है और न ही स्वच्छ पेयजल। हालात यह हैं कि एक दिन छोड़कर एक दिन पानी की सप्लाई दी जा रही है, वह भी कई क्षेत्रों में सीवरेज मिश्रित होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पानी बदबूदार आ रहा है, जिससे स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा बना हुआ है। नगर में बनाए गए पानी के टैंक लंबे समय से भरे नहीं, जबकि जानकारी के अनुसार भाखड़ा नहर में 10 दिनों से अधिक समय से पानी चल रहा है।

टैंकों तक पानी पूरा न पहुंचना, पूरी योजना की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। जन स्वास्थ्य विभाग के उपमंडल अभियंता कंवरपाल ने बताया कि जल्द नई पानी की पाइपलाइन डाली जाएगी जिससे समस्या का समाधान होगा वहीं नहर पूरी आने के बाद नियमित सप्लाई होगी।

## खबर संक्षेप



### पतंजलि योग समिति का स्थापना दिवस मनाया

**हांसी।** स्वामी रामदेव महाराज एवं आचार्य बालकृष्ण महाराज की प्रेरणा से हांसी में सोमवार को पतंजलि योग समिति का 31वां स्थापना दिवस मनाया गया। योग ऋषि स्वामी रामदेव महाराज एवं आचार्य शिरोमणि, वर्तमान युग के धन्वंतरि आचार्य बालकृष्ण प्रेरणा एवं सूक्ष्म उपस्थिति में पतंजलि योग समिति, हरिद्वार का 31वां संस्थापना दिवस आर्य समाज मंदिर में श्रद्धा एवं अनुशासन के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में पहले सभी योगार्थियों ने योगाभ्यास किया तत्पश्चात वैदिक हवन-यज्ञ एवं अंत में बैठक आयोजित की गई। हवन-यज्ञ का विधिवत संचालन सत्यदेव शास्त्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला प्रभारी राजीव कुमार, जिले सिंह, प्यारे लाल सैनी, जोगिंदर ग्रोवर, अशोक ऐलावादी, अनिल श्योराण,गौरव भारतीय सहित काफी संख्या योग साधक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्वयंसेवकों ने नशामुक्ति का दिया संदेश

**हिसार।** किरतान के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का समापन हुआ। इस मौके पर मुख्य अतिथि एनएसएस के जिला अधिकारी नरेन्द्र दूहन थे। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस स्वयंसेवक सामाजिक गतिविधियों व समाजसेवा से जुड़े कर्तव्यों को पूर्ण करते हैं। सामाजिक कुरीतियों को जड़मूल से मिटाने का संदेश देने के साथ राष्ट्र की उन्नति और प्रगति में योगदान देते हैं। इस अवसर पर एनएसएस इंचार्ज सतपाल ने सात दिवसीय शिविर की गतिविधियों के बारे में बताया। इस अवधि में अनेक सामाजिक कार्य किए गए। लोगों को नशामुक्ति का संदेश दिया गया। इस अभियान में मेरा युवा भारत केन्द्र व आजाद हिन्द युवा क्लब गांव किरतान ने भी सहयोग किया। इस मौके पर स्कूल प्रिंसीपल उषा बंसल, एनएसएस अधिकारी नितेश शर्मा, शिक्षिका मीना कुमारी, लकी, ललिता, सरिता, रिंकु, खुशबू, सुलेख, पूर्वी, प्रोमिल आर्य आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

## दुकानदारों को चेतावनी-बाहर सामान रखा तो किया जाएगा जब्त

# अवैध अतिक्रमण हटाने राजगुरु मार्केट में उतरी निगम की टीम

- निगम टीम ने पुलिस की मौजूदगी में दुकान के सामने बरामदे खाली करवाए
- निगम टीम की कार्रवाई से बाजार दिखा खुला-खुला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर की सबसे व्यस्ततम राजगुरु मार्केट सहित आसपास की प्रमुख मार्केटों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए सोमवार को नगर निगम द्वारा अभियान चलाया। निगम की टीम भारी पुलिस बल को लेकर राजगुरु मार्केट में अतिक्रमण हटाने पहुंची। निगम को देखकर दुकानदार में हड़कंप मच गया और दुकानों के बाहर बरामदों में रखा सामान फटाफट अंदर करने लगे। इस दौरान अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. प्रदीप हुड्डा राजगुरु मार्केट पहुंचे।

उन्होंने अतिक्रमण हटाने को लेकर दिशा-निर्देश दिए। निगम टीम ने दुकानदारों को चेतावनी भी दी कि भविष्य में भी अगर बरामदों में सामान रखा तो निगम उसे उठाकर ले जाएगा। हालांकि शाम होते ही कई दुकानदारों ने बरामदों पर फिर से कब्जा कर लिया और अपना सामान बरामदों में रख लिया।

जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह राजगुरु मार्केट समेत साथ लगते बाजारों में अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम की टीम पूरी तैयारी के साथ मौके पर पहुंची। इस कार्रवाई में कार्यालय सहायक सुरेन्द्र वर्मा, तहबाजारी इंचार्ज सुरेन्द्र शर्मा अपनी टीम के साथ, पशु पकड़ो अभियान की टीम तथा पुलिस विभाग के कर्मचारी भी मौजूद रहे, ताकि अभियान शांतिपूर्वक और प्रभावी ढंग हो।

सुरेन्द्र वर्मा ने बताया कि राजगुरु मार्केट के बरामदों को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त करा दिया गया है। इसके साथ ही चौधरी मार्केट, बिश्नोई मार्केट, आर्य बाजारी, तेलियान पुल मार्केट, सब्जी मंडी मार्केट, बालाजी मार्केट और पूजा मार्केट में भी अतिक्रमण हटाकर बरामदे खाली करवाए गए। इस कार्रवाई से बाजारों में पैदल चलने वालों और ग्राहकों को काफी सुविधा मिली है।



**हिसार।** राजगुरु मार्केट में अतिक्रमण हटाने के बाद खाली बरामदे। *फोटो : हरिभूमि*


**हांसी।** विधायक विनोद भयाना का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत करते ग्रामीण।

# हांसी को जिला बनाने पर विधायक का सम्मान

- जिला बनने से हांसी में विकास कार्यों को नई गति मिलेगी : विनोद भयाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हांसी को जिला बनाए जाने की ऐतिहासिक घोषणा के बाद गांव जमावड़ी में हांसी के विधायक विनोद भयाना का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में ग्रामीणों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक का स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष राजपाल यादव सहित भाजपा के अनेक वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी मौजूद रहे। समारोह में विधायक विनोद भयाना का स्वागत गर्म जोशी एवं अन्य कार्यकर्ताओं द्वारा फूल-मालाओं के साथ किया गया। बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने हांसी को जिला बनाए जाने पर विधायक और हरियाणा सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर विधायक विनोद भयाना ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि हांसी को जिला बनाना क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी और जायज मांग थी, जिसे हरियाणा सरकार ने गंभीरता से लेते हुए पूरा किया है। उन्होंने कहा कि जिला बनने से हांसी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को प्रशासनिक सुविधाएं नजदीक मिलेंगी, जिससे आमजन को कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे और विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

### राजपाल ने विधायक की सराहना की

समारोह के दौरान पूर्व अध्यक्ष राजपाल यादव और अन्य भाजपा नेताओं ने भी हांसी को जिला बनाए जाने को क्षेत्र के लिए मील का पत्थर बताते हुए कहा कि यह फैसला जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने वाला है। उन्होंने विधायक विनोद भयाना के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी क्षेत्र के विकास के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# मूल्य संवर्धित दुग्ध उत्पाद किसानों की आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम : डॉ. अविजित डे

- लुवास में पांच दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय की ओर से 'मूल्य संवर्धित दुग्ध उत्पादों' विषय पर अनुसूचित जाति वर्ग के किसानों के लिए आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। सोमवार से शुरू हुए इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद–केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर–सीआईआरबी) के निदेशक डॉ. अविजित डे रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला परियोजना संयोजक वीरेंद्र श्योराण ने की। मुख्य अतिथि डॉ. अविजित डे ने अपने संबोधन में कहा कि मूल्य संवर्धित दुग्ध उत्पाद किसानों की आय बढ़ाने का एक प्रभावी माध्यम हैं। ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम किसानों को वैज्ञानिक तकनीकों, गुणवत्ता नियंत्रण एवं विपणन की समुचित जानकारी प्रदान करते हैं, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के पाठ्यक्रम निदेशक एवं डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के निदेशक डॉ. शरणगौड़ा बी. पाटिल ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के पाठ्यक्रम समन्वयक डॉ. इंदु एवं डॉ. सुमित महाजन ने प्रतिभागियों का स्वागत किया।


**हिसार।** कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे उपस्थित

उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के आईपीवीएस निदेशक डॉ. पवन कुमार, विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. गौतम सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष एवं संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे।

# डॉ. लोहान को मिला आदर्श शिक्षक अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में तैनात डॉ अजय लोहान को शिक्षा, समाजसेवा, मोटिवेशन और हरियाणवी संस्कृति के क्षेत्र में अतुल्य योगदान देने के लिए आदर्श शिक्षक अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड राजस्थान की आयाम संस्था द्वारा दिया गया है, जो शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को दिया जाता है। यह अवार्ड उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया गया है। डॉ अजय लोहान द्वारा पढ़ाए गए सात छात्र लेफ्टिनेंट चयनित हो चुके हैं, वहीं 22 छात्र डॉक्टर, 46 छात्र इंजीनियर और 122 छात्रों का दिल्ली व पंजाब यूनिवर्सिटी में चयन हुआ है। उन्होंने विद्यालय को इनफ़ोसिस कम्पनी से छात्रों के लिए फ्री में 10 कंप्यूटर भी दिलवाए हैं। डॉ. लोहान छात्रों को अच्छी शिक्षा देते हैं, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास के लिए भी काम करते हैं। वे 2001 से अपने खर्च पर ब्लॉक स्तर पर भाषण, प्रश्नोत्तरी, नाटक, गणित व दूसरी प्रकार की सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाते आ रहे हैं। हरियाणवी संस्कृति के लिए भी डॉ अजय लोहान को कई अवार्ड मिल चुके हैं, जिनमें हरियाणा गौरव अवार्ड, हरियाणा कला रत्न अवार्ड, बैस्ट स्टेट मोटिवेशन अवार्ड और बेस्ट टीचर अवार्ड शामिल हैं।


**नारनौंद।** डॉ. अजय लोहान को आदर्श शिक्षक अवॉर्ड से सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि। फोटो : हरिभूमि

# एनएसएस शिविर के माध्यम से फैलाई जागरुकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल नारनौंद में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कैंप का समापन किया गया। विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी तरुण कुमार प्रवक्ता अंग्रेजी व ममता शर्मा प्रवक्ता कॉमर्स ने इस कैंप के आयोजन के लिए सभी स्वयंसेवकों का धन्यवाद किया। कैंप के दौरान विद्यार्थियों को जागरूकता करने के लिए विभिन्न विषयों जैसे रोड सेफ्टी, डिजिटल लिटरेसी, एड्स, नशे के दुष्प्रभाव,साइबर सिक्योरिटी, स्वदेशी का महत्व, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर रिसोर्स पर्सन के द्वारा लेक्चर आयोजित करवाए गए। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजपुरा जिला जींद के प्राचार्य सुशील कुमार ने राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका विषय पर अपने विचार सांझा किए।

### ये रहे उपस्थित

कैंप के समापन अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र सोनी, विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान एवं सदस्य, पार्षद टेक राम, सतबीर सिंह, दलजीत लोहान, नरेश कुमार, मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।


**हांसी।** मीटिंग की अध्यक्षता करते पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन

### सीजेआई के प्रस्तावित कार्यक्रम पर एसपी ने की मीटिंग

**हांसी।** सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत शर्मा के 9 व 10 जनवरी को हांसी व हिसार न्यायालय परिसर तथा अन्य स्थानों पर प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर सोमवार को पुलिस अधीक्षक हांसी अमित यशवर्धन की अध्यक्षता में सोमवार को पुलिस अधिकारियों व सिविल प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों की मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में एसडीएम हांसी राजेश खोथ, डीएसपी नारनौंद देवेन्द्र नैन, डीएसपी सिद्धार्थ, हांसी बार एसोसिएशन के प्रधान पवन कुमार, वन अधिकारी रमेश कुमार व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मीटिंग में सीजेआई सूर्यकांत शर्मा के प्रस्तावित कार्यक्रमों के मद्देनजर यातायात प्रबंधन, पार्किंग बैरिकेडिंग, ट्रेफिक रुट ड्यूटी, स्टेज सीटिंग व्यवस्था, गार्ड ऑफ आनर, और वीवीआईपी मुवमेंट इत्यादि से सम्बन्धित सभी विभागों के अधिकारियों को उचित प्रबंध करने बारे आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# खरड़ अलीपुर कबड्डी टीम ने जीता एक लाख का इनाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

डाटा गांव में आयोजित विशाल कबड्डी प्रतियोगिता में खरड़ अलीपुर की कबड्डी टीम ने अलेवा को हराकर पहला स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में हरियाणा व पंजाब की 21 टीमों ने भाग लिया।

गांव डाटा की ओर से इस शानदार कबड्डी कप का आयोजन किया। टीम कोच महेश मास्टर ने बताया कि खरड़ अलीपुर की टीम ने पहले गिरावड, क्वार्टर फाइनल में मोरखी, सेमी फाइनल में घिराय को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। खरड़ अलीपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए फाइनल मैच में अलेवा की टीम की 21-10 अंक के अंतर से हराकर पहला ईनाम 1 लाख रुपये प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के बेस्ट रेडर साहिल देंबन व भूरिया सीसर और बेस्ट कैचर शीलू बहु अकबरपुर व पहाड़ी खरड़ अलीपुर ने 71-71 हजार रुपए ईनाम के रूप में जीते। मास्टर महेश ने बताया की खरड़ अलीपुर की जीत पर पूर्व सरपंच सोनी, सुरेश मास्टर, सुखबीर, मास्टर पवन शर्मा आदि ने टीम को शुभकामनाएं दी।


**हिसार।** मीटिंग में बात रखते पूर्व मंत्री रणजीत सिंह।

### हिसार रैली में लूंगा बड़ा सियासी फैसला : रणजीत

**हिसार।** पूर्व मंत्री रणजीत सिंह ने कहा कि 20 फरवरी के बाद हिसार में प्रदेश स्तरीय रैली करुंगा। रैली में मैं अपनी राजनीति के अगले फैसले का एलान करूंगा। यह रैली 2024 के विधानसभा के बाद प्रदेश में हुई रैलियों में सबसे बड़ी रैली होगी। वे सोमवार को लोक निर्माण विश्राम गृह में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

प्रदेश में भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल से जुड़े सवाल पर रणजीत सिंह ने कहा कि एक साल का कार्यकाल कम होता है। नायब सिंह सैनी को अभी कम समय मिला है। प्रदेश में नायब सैनी के नेतृत्व में सरकार ने कई अच्छे कार्यों के द्वारा जनता पर अपनी छाप छोड़ी है। मेरा मानना है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पर सख्ती दिखाने की जरूरत है। बिजली के रेट बढ़ाए जाने के प्रस्ताव को लेकर पूर्व मंत्री ने कहा कि खर्च बढ़ने पर कई बार रेट बढ़ाना मजबूरी हो जाता है। मैंने अपने कार्यकाल में बिजली के रेट में बढ़ोतरी नहीं होने दी। हमने जनता को सस्ती तथा निर्बाध बिजली देने का वादा निभाया। कांग्रेस की स्थिति पर पूर्व मंत्री ने कहा कि कांग्रेस अपने इतिहास के सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। देश में कांग्रेस पार्टी की हालत सबसे खराब है।

### स्वयंसेवकों के लिए लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**बरवाला।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुलेरी में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के छठे दिन विद्यार्थियों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए एक विशेष हेल्थ चेकअप कैंप लगाया गया। कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. राखी रानी ने शिरकत की। उनके साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने सभी स्वयंसेवकों के स्वास्थ्य की बारीकी से जांच की। विशिष्ट अतिथि के रूप में एसएमसी प्रधान सुबे सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में एनएसएस वॉलेंटियर वंदना ने मुख्य अतिथि और मेडिकल टीम का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी राजकुमार, प्राध्यापक रामनिवास, संदीप कुमार और रवीना ने स्वयंसेवकों को स्वास्थ्य कार्ड वितरित करने और कतारबद्ध रखने में सहयोग किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

**मार्गदर्शन** — 'स्ट्रेंथनिंग एन्टरप्रिन्योरशिप इकोसिस्टम इन हायर एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस' पर कार्यशाला

### गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विशेषज्ञों ने युवाओं को किया प्रेरित

# स्टार्टअप से हमारे युवाओं की विदेशों में जाने की प्रवृत्ति कम हुई : प्रो. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद् के अध्यक्ष प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा ने कहा है कि स्टार्ट-अप शुरू करने के मामले में भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। भारत में वर्तमान में दो लाख छह हजार से अधिक स्टार्ट-अप हैं। युवाओं की विदेशों की तरफ जाने की प्रवृत्ति कम हुई है। इस प्रवृति को हमें पूरी तरह से रोकना है।

प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में हरियाणा राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद्, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा तथा गुजवि के संयुक्त तत्वाधान में 'स्ट्रेंथनिंग एन्टरप्रिन्यूरशिप इकोसिस्टम इन हायर एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस' विषय पर हुई एक दिवसीय कार्यशाला को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला की अध्यक्षता गुजविप्रौवि के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में हुई इस कार्यशाला में उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के महानिदेशक एस. नारायणा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। हरियाणा के अधिकतर महाविद्यालयों में विद्यार्थी ग्रामीण परिवेश से आते हैं। ऐसे में संस्थानों की और अधिक जिम्मेदारी बनती है कि वे विद्यार्थियों के लिए उनके कौशल, प्रदेश व राष्ट्र की जरूरत तथा उपलब्ध संसाधनों के आधार पर उद्यमीयता के सेक्टरों की पहचान करें तथा उन्हें विकसित करने के लिए एक प्रभावी इकोसिस्टम विकसित करें।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया', 'आत्मनिर्भर भारत' तथा 'विकसित भारत@2047' के संकल्पों के साथ आगे बढ़ रहा है। हरियाणा में युवाओं के लिए नौकरी पाने की बजाय नौकरी देने के लिए उद्यमी तैयार करने वाला इकोसिस्टम विकसित हो रहा है। भारत के पास शिक्षा व्यवस्था की महान विरासत है।


**हिसार।** कार्यशाला का उद्घाटन करते मुख्यातिथि प्रो. कैलाश चन्द्र शर्मा।

### इनक्यूबेशन सेंटर

मुख्यातिथि प्रो. शर्मा ने कार्यशाला में भाग लेने वाले विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों के प्राचार्यों तथा प्रतिनिधियों से कहा कि ज्यादातर संस्थानों में इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित हो चुके हैं। जहां नहीं स्थापित हुए हैं, वहां ये सेंटर स्थापित किए जाए तथा उन्हें और मजबूत किया जाए।

### ये रहे उपस्थित

उद्घाटन समारोह में मंच पर हरियाणा राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद् के उपाध्यक्ष एसके गक्खड़, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो-वाइस चांसलर प्रो. पवन के. शर्मा, गुजविप्रौवि के डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. योगेश चाबा तथा पीडीयूआईआईसी के निदेशक प्रो. पुनीत कत्याल भी उपस्थित रहे।